भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †531
सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों को जीएसटी में छूट

†531. डॉ. टी.आर. पारिवेन्धरः
डॉ. एम.के. विष्णु प्रसादः
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय खरीदारी के लिए विदेशी पर्यटकों को जीएसटी पर छूट देने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा दी गई अन्य छूटों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयोजनार्थ किसी अन्य देश के साथ किसी करार पर हस्ताक्षर किए हैं;

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐसा करने के लिए कोई योजना तैयार कर रही है; और

(ङ) कोरोना संक्रमण के प्रसार के कारण लॉकडाउन के बाद कितने विदेशी पर्यटक भारत आए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड, राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय की सूचना के अनुसार भारत आगमन पर विदेशी पर्यटकों को हवाईअड्डे पर जीएसटी की प्रतिपूर्ति के लिए वर्तमान में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

(ख) : केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने यह भी सूचित किया है कि टूर ऑपरेटर सेवा, आंशिक रूप से भारत में और आंशिक रूप से भारत के बाहर दिए जाने के मामले में टूर ऑपरेटर द्वारा किसी विदेशी पर्यटक को टूर ऑपरेटर सेवा के मूल्य की सीमा तक भारत के बाहर दी गई सेवा को अधिसूचना संख्या-12/2017 सीटीआर दिनांक 28.06.2017 के एसएल संख्या 52ए पर प्रविष्टि के अनुसार जीएसटी से छूट प्राप्त है ।

(ग) और (घ) : विभिन्न देशों के साथ करार/समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करना एक सतत प्रक्रिया है और पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन सहयोग को मजबूत करने और भारत के पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग के लिए अन्य देशों तथा बहुपक्षीय मंचों के साथ 46 करार/समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं ।

(ड.) : कोविड-19 महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के बाद, भारत में आए विदेशी पर्यटकों की संख्या अनुबंध में संलग्न है ।

*****

अनुबंध

विदेशी पर्यटकों को जीएसटी में छूट के संबंध में दिनांक 06.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †531 के भाग (ड.) के उत्तर में विवरण

2020 से 2022 के दौरान माह-वार विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए)			
माह	विदेशी पर्यटक आगमन		
	2020	2021	2022 @
जनवरी	11,19,250	94,662	2,01,546
फ़रवरी	10,18,440	1,10,312	2,40,896
मार्च	3,28,304	1,33,768	3,42,308
अप्रैल	2,820	78,718	3,92,930
मई	3,764	19,765	4,23,701
जून	8,590	36,070	5,22,737
जुलाई	12,655	72,501	6,40,858
अगस्त	19,761	92,728	4,98,243
सितंबर	28,167	1,15,661	5,36,340
अक्टूबर	41,494	1,91,415	6,56,895
नवंबर	70,977	2,63,867	7,68,675
दिसंबर	90,544	3,17,647	9,66,270
कुल (जनवरी-दिसंबर)	27,44,766	15,27,114	61,91,399
"@ अनंतिम			

*****